RAF SECTOR

NEWS CLIP

01/11/18

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Dainik Jagran (Meerut, UP.)

मेरठ से छिनेगा, अब हरियाणा के नूह में बनेगा देश का अत्याधुनिक रेपो !

मेरठ में रकबा कम होने के कारण तलाश की जा रही है जमीन

पंकज तोमर • मेरठ

मेरठ ही नहीं, उप्र के लिए भी यह खबर थोड़ी निराशाजनक है। कारण, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की दंगा नियंत्रण इकाई रैपिड एक्शन फोर्स के प्रशिक्षण केंद्र पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। रकबा कम होने के कारण देश के सबसे अत्याधुनिक ट्रेनिंग सेंटर रेपो को अब मेरठ के बजाय हरियाणा के नूह में बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। हालांकि, अधिकारिक तौर अभी इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन नूह में जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है।

आरएएफ की देश में 15 बटालियन हैं। इनमें मेरठ (108 बटालियन) कई मायनों में अलग है। 10 नवंबर-2013 को तत्कालीन गृहमंत्री सुशील कुमार शिंदे ने यहां आरएएफ एकेडमी ऑफ पब्लिक आर्डर (रेपो) प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया था, परंतु इसे मान्यता नहीं मिल पाई थी। 108 बटालियन ही इसे अभी तक अपने खर्च से चला रही है। आरएएफ आइजी अरुण कुमार के प्रयास के चलते अगस्त-2018 में केंद्रीय गृह मंत्रालय से इसे मान्यता भी दे दी, लेकिन अब इसके बनने पर संकट मंडरा गया है।

मेरठ रेपो में प्रशिक्षण लेते रैपिड एक्शन फोर्स के जवान • फाइल फोटो

देश का है इकलौता रेपो

देश में सिर्फ मेरठ के रेपो को मंजूरी मिली है। कोयम्बटूर में भी एक अस्थायी रेपो चलाई जा रही है। मंजूरी के बाद जहां भी नया रेपो बनेगा, वह अनूठी तकनीकों से लैस होगा। रेपो में विशेष ढंग से जवानों को प्रशिक्षित किया जाएगा। वर्कशॉप और कोर्स में भी वृद्धि होगी और विशेष प्रशिक्षक तैनात होंगे। विशेष प्रयोगशाला का भी निर्माण होगा। कोबरा कमांडो के लिए भी यहां विशेष प्रशिक्षण की व्यवस्था रहेगी। आरएएफ समेत सात पैरा मिलिट्री फोर्स और विदेशी सेनाओं के प्रतिनिधियों को भी प्रशिक्षण दिया जाएगा।

50 एकड़ भूमि की जरूरत

वर्तमान में रेपो करीब 25 एकड़ जमीन पर चल रहा है। मान्यता मिलने के बाद इसका दायरा बढ़ने पर 50 एकड़ से अधिक भूमि की जरूरत पड़ेगी, जो मेरठ में नहीं है। सूत्र बताते हैं कि इसके लिए हरियाणा के नूह में भूमि तलाशी जा रही है। आरएएफ महानिदेशालय ने अभी इसकी जगह घोषित नहीं की है, परंतु संभावना है कि इसे नूह में ही बनाया जाए। वहां पर जमीन की कोई कमी नहीं है।

इनकी होगी नियुक्ति

डीआइजी : एक
कमांडेंट : एक
डिप्टी कमांडेंट : चार
सहायक कमांडेंट : चार
अन्य कर्मी : 191
कुल स्टाफ : 201
नोट : अभी यह नियुक्तियां प्रस्तावित है।

महानिदेशालय की ओर से अभी तय नहीं है कि रेपो कहां बनेगा, लेकिन यह जरूर है कि 25 एकड़ भूमि में रेपो बनना संभव नहीं है।
शैलेंद्र कुमार, कमांडेंट 108 बटालियन

Jagran (Aligarh,UP.)

सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आरएएफ में मार्च पास्ट निकालते जवान • जागरण

Amar Ujala (Aligarh,UP.)

आरएएफ जवानों ने मनाया एकता दिवस

अलीगढ़। 104 आरएएफ जवानों ने एकता दिवस मनाया। इस मौके पर कमांडेंट हेलाल फिरोज, द्वितीय कमान अधिकारी भवेश चौधरी, उप कमा. राजीव रंजन, एसपी सिंह, हिमकान्त दीक्षित, जितेंद्र सिंह, सुरेश कुमार शर्मा, सहा कमा. दानवीर सिंह, राकेश कुमार सहा कमा, जितेंद्र राजपूत, दीपक मिश्रा, व्यवहार सिंह, ओमवीर सिंह, एनएस विष्ट महा. कमा. (मंत्रा.) आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर आरएएफ परिसर में रन फार यूनिटी कार्यक्रम। अमर उजाला

Photos of Deployment/ Fam-ex of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।